[redacted]

सामान्य निर्देश :

**खण्ड – क : सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है)

**खण्ड – ख** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है)

**खण्ड – ग** : किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है)

## खण्ड – क

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए : $8 \times 1 = 8$

1. राजस्थानी लघु-चित्रकला में, महिलाओं को घुड़सवारी करते और पोलो खेलते हुए दिखाया गया है, जो दर्शाता है : **1**

   (A) महिला सशक्तिकरण

   (B) महिलाओं के प्रति सहानुभूति

   (C) भयभीत महिलाएँ

   (D) आश्रित महिलाएँ

2. **अभिकथन (A) :** सोमनाथ होरे की कृति “बच्चे” युवा खुशी व ऊर्जा को दर्शाती है । **1**

   **कारण (R) :** आकृतियों को अभाव व सामाजिक सरोकार की भावना से दर्शाया गया है ।

   (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

   (B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

   (C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

   (D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

3. उस्ताद फकीरउल्लाह खान द्वारा बनाए गए चित्र का नाम बताएँ । **1**

   (A) कबीर और रैदास (B) दाराशिकोह की बारात

   (C) गोवर्धनधारी कृष्ण (D) झूले पर कृष्ण

**General Instructions :**

**SECTION – A :** Attempt **all** questions. (Each Question carries **1** mark)

**SECTION – B :** Attempt **all** questions. (Each Question carries **2** marks)

**SECTION – C :** Attempt any **two** questions. (Each Question carries **6** marks)

## SECTION – A

### (Multiple Choice Questions)

Select the right answer from the given options : **8 × 1 = 8**

1. In Rajasthani Miniature paintings, women are seen riding horses and playing polo which reflects : **1**

   (A) Women empowerment

   (B) Sympathy for women

   (C) Terrified women

   (D) Dependent women

2. **Assertion (A) :** The artwork 'Children' by Somnath Hore depicts youthful joy and energy.

   **Reason (R) :** The figures are rendered with a sense of deprivation and social concern. **1**

   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

   (C) (A) is true, but (R) is false.

   (D) (A) is false, but (R) is true.

3. Name the painting done by the artist "Ustad Faquirullah Khan". **1**

   (A) Kabir and Raidas

   (B) Marriage procession of Dara Shikoh

   (C) Krishna lifting Mount Govardhan

   (D) Krishna on Swing

4. कलाकार ने किस चित्र में देवनागरी लिपि का प्रयोग किया है ? 1

(A) शिव और सती
(B) बाज़ पक्षी–विश्राम पर
(C) गणेश
(D) कबीर और रैदास

5. मुगल लघु–चित्रकला शैली में स्त्री आकृतियों का चित्रण कम पाया जाता है पर आपके पाठ्यक्रम में दिए गए किस चित्र में कलाकार ने स्त्री आकृतियों और मुगल वैभव दोनों को एकसाथ दर्शाया है ? 1

(A) पोलो खेलती चाँद बीबी
(B) दाराशिकोह की बारात
(C) मारु–रागिनी
(D) कबीर व रैदास

6. हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो का लघुचित्र दक्खिन की किस उपशैली का है ? 1

(A) गोलकुंडा उपशैली
(B) अहमदनगर उपशैली
(C) हैदराबाद उपशैली
(D) बीजापुर उपशैली

7. **अभिकथन (A) :** अकबर काल में चित्रकला शाही कार्यशालाओं में एकसाथ काम करने वाले कलाकारों के एक समूह का संयुक्त प्रयास थी ।

**कारण (R) :** मूल प्रारूप चित्रण, रंगों को घिसना और भरना और विवरण जोड़ना आमतौर पर वितरित किया जाता था । हालाँकि, यह अकेले भी तैयार किया जाता होगा । 1

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

8. कलाकृति "यात्रा का अन्त" में किस तकनीक का उपयोग किया गया है ? 1

(A) जिंक प्लेट पर ऐचिंग
(B) ऐचिंग
(C) वॉश
(D) पत्थर पर लिथोग्राफी

4. Devanagari script has been used by the artist in the painting : **1**

(A) Shiva and Sati (B) Falcon on Bird Rest

(C) Ganesha (D) Kabir and Raidas

5. The depiction of female figures in Mughal miniature school is less. However, in this painting from your course, the artist has shown both female figures and Mughal grandeur **1**

(A) Chand Bibi playing polo

(B) Marriage procession of Dara Shikoh

(C) Maru-Ragini

(D) Kabir and Raidas

6. The painting Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusro belongs to which sub-school of Deccan Miniature ? **1**

(A) Golconda sub-school (B) Ahmednagar sub-school

(C) Hyderabad sub-school (D) Bijapur sub-school

7. **Assertion (A) :** During Akbar period, painting was a combined effort of a group of artists working together in the royal workshops.

**Reason (R) :** Basic draft drawing, grinding and filling in of colours and adding details were usually distributed. However, they may also have been produced single handedly. **1**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

8. What printing technique is used in the artwork 'Journey's End' ? **1**

(A) Etching on zinc plate (B) Etching

(C) Wash (D) Lithography on stone

## खण्ड – ख

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** **5 × 2 = 10**

**(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में अपेक्षित है ।)**

निम्नलिखित प्रश्न आपके पाठ्यक्रम से सम्बन्धित हैं ।

9. अपने पाठ्यक्रम में दी गई मूर्ति के माध्यम से नीचे दिये गए मूर्तिकारों में से किसी एक को चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : **2**

   (i) कलाकृति (मूर्ति) का नाम और इस्तेमाल किया गया एक माध्यम बताएँ ।

   (ii) विषयवस्तु का वर्णन कीजिए और आपके अनुसार कलाकार अपनी कृति के माध्यम से क्या संदेश देना चाह रहा है ? लिखें ।

   (a) रामकिंकर बैज

   **अथवा**

   (b) देवी प्रसाद रॉय चौधरी

10. पहाड़ी लघु-चित्र शैली में कलाकारों को मिली स्वतंत्रता, उनकी कलात्मक अभिव्यक्तियों में विविधता को दर्शाती है । नीचे दिए गए चित्रों में से एक को चुनें और उत्तर दें : **2**

    (i) कलाकार और चित्र की उपशैली का नाम लिखिए ।

    (ii) इस उपशैली की दो विशेषताएँ बताएँ ।

    (a) कृष्ण गोपियों संग

    **अथवा**

    (b) नंद, यशोदा तथा कृष्ण अपने सम्बन्धियों के साथ वृन्दावन जाते हुए

11. (a) इस प्रसिद्ध राजस्थानी लघु-चित्र से हम 'रघुकुल' के उच्च नैतिक मूल्यों को आत्मसात करते हैं । यहाँ श्वेत, (श्याम) नीले और हरे रंगों की प्रधानता और मानव आकृतियों की पुनरावृत्ति, कथा को सफलतापूर्वक व्यक्त करने में सहायक है । **2**

    (i) चित्रकार और चित्र का नाम बताइए ।

    (ii) इस चित्रकला से आप कौन से दो मानवीय मूल्य सीखते हैं ?

    **अथवा**

    (b) दक्खिन शैली के इस चित्र में घुड़सवार महिलाएँ खेल खेलती हुई दिखाई गई हैं ।

    (i) चित्र का नाम और इसकी उपशैली लिखें ।

    (ii) चित्र की संयोजन व्यवस्था का सौन्दर्यात्मक वर्णन कीजिए और यह महिला सशक्तिकरण को किस प्रकार दर्शाता है, संक्षेप में अपने विचार लिखें ।

## SECTION – B

**(Short Answer Type Questions)** **5 × 2 = 10**

**(Answer for these questions is expected in around 100 words.)**

Following questions are from your syllabus.

9. For the sculptures in your syllabus, answer the following questions by choosing any one sculptor : **2**
   (i) Name the artwork and one material used.
   (ii) Describe the subject-matter and according to you, what message is the artist trying to give through the artwork ? Write.
      (a) Ramkinkar Baij
      **OR**
      (b) Devi Prasad Roy Chaudhary

10. Pahari miniature reflects the freedom the artists were given to show diversity of artistic expressions within miniature style. Choose from one of the paintings given below and answer : **2**
   (i) Write the name of the artist and the sub-school of painting.
   (ii) Explain any two characteristics of the sub-school :
      (a) Krishna with Gopis
      **OR**
      (b) Nand, Yashoda and Krishna with kinsmen going to Vrindavan.

11. (a) From this renowned Rajasthani miniature painting, we imbibe high moral values of 'Raghukul". Here dominance of white, blue and green colours and repetition of human figures help to convey the narrative successfully. **2**
      (i) Identify and name the painting & the artist.
      (ii) Which two humans values do you learn from this painting ?

   **OR**

   (b) In this Deccan painting, women are depicted on horses playing a game.
      (i) Write the name of the paintings & its sub-school.
      (ii) Explain this artwork on the basis of aesthetic parameters and how does it reflect women empowerment, in brief.

12. निम्नलिखित लघु-चित्र शैली में रंग योजनाएँ और विषयवस्तु बहुत आकर्षक हैं । अपने पाठ्यक्रम से किसी एक उपशैली को चुनें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : **2**

(a) किशनगढ़ उपशैली

**अथवा**

(b) मेवाड़ उपशैली

(i) कलाकार और चित्र का नाम लिखें (पाठ्यक्रम से) ।

(ii) इस शैली की दो मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें ।

13. (a) (i) भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में दर्शाए गए कौन से रंग हमें साहस और बलिदान, शान्ति और विश्वास की ओर प्रेरित करते हैं ? **2**

(ii) समझाइए कि ध्वज आपको एक प्रतिबद्ध समर्पित नागरिक बनने के लिए कैसे प्रेरित करता है ।

**अथवा**

(b) कलाकारों की कलाकृतियाँ उनके अनुभवों और उनके पास मौजूद ज्ञान की व्याख्याएँ होती हैं । अपने पाठ्यक्रम से राजा रवि वर्मा द्वारा बनाई गई पेंटिंग के माध्यम से निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) चित्र और उसका माध्यम लिखें ।

(ii) समझाइए कि कलाकार ने इस पेंटिंग में विषयवस्तु को चित्रित करने के लिए और पात्रों की भावनाओं को व्यक्त करने हेतु रंगों का किस कुशलता से प्रयोग किया है ।

## खण्ड – ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)** **$2 \times 6 = 12$**

**(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित है ।)**

दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

14. 'कृष्ण झूले पर' चित्र में कहानी के प्रवाह पर ध्यान दिया गया । चित्रण न केवल एक कथा का निर्माण करता है, बल्कि जिज्ञासा भी जगाता है । इस कथन की पुष्टि करते हुए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) चित्र के चित्रकार, माध्यम, उपशैली व इस चित्र में कितनी महिला आकृतियाँ दिखाई गई हैं ? बताइए ।

(b) चित्र के संयोजन की व्यवस्था की व्याख्या करें ।

(c) चित्र में दिखाई देने वाली राजस्थान लघु-चित्रकला शैली की कोई चार विशेषताएँ लिखिए । **6**

12. The colour schemes and subject-matter (themes) are very attractive in the two styles given below. Answer the following by picking one sub-school from your syllabus. **2**

(a) Kishangarh sub-school

**OR**

(b) Mewar sub-school

(i) Write the name of the artist and the painting from your syllabus.

(ii) Explain any two characteristics features of this sub-school.

13. (a) (i) Which colours depicted in the Indian National Flag inspire us towards courage and sacrifice, peace and faith ? **2**

(ii) Explain how the flag inspires and helps in making you a committed citizen.

**OR**

(b) Artwork are artist's interpretations of what they experience. Answer the following for the painting from your course by Raja Ravi Verma.

(i) Name the painting and its medium.

(ii) Explain how skillfully has the artist used the colours for expressing the emotions required to portray the subject-matter in this painting.

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** **$2 \times 6 = 12$**

**(Answer for these questions is expected in around 200 words.)**

Attempt any **two** questions from the given options :

14. In the miniature painting, 'Krishna on Swing', attention is given to the flow of concept. The illustration not only builds a narrative but also develops curiosity. Justify this statement and answer : **6**

(a) Name of the artist, medium, sub-school and how many female figures are shown in the artwork.

(b) Explain the compositional arrangement.

(c) Write any four characteristics of Rajasthan Miniature School seen in the painting.

15. विकासवादी दृष्टिकोण से देखें तो, नंदलाल बोस दैवीय पात्रों को वास्तविकता से दर्शाने वाले कलाकार थे । अपने पाठ्यक्रम में निहित उनकी कृति के माध्यम से निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) कलाकृति, माध्यम और चित्र में दिखाई गई दो मानवीय विशेषताएँ बताएँ ।

(b) संयोजन व्यवस्था को दर्शाने में रंग और स्थान (space) के उपयोग में कलाकार कितने सफल रहे हैं ? समझाइए ।

(c) नंदलाल बोस के अलावा अन्य चार कलाकारों के नाम लिखें जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी कला के माध्यम से सहयोग दिया (पाठ्यक्रम से) । **6**

16. नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन करें व निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) चित्र को पहचानकर इसका शीर्षक, कलाकार का नाम, एक मानवीय विशेषता व माध्यम लिखिए ।

(b) इसकी विषय-वस्तु का विस्तार से वर्णन कीजिए ।

(c) चार बिन्दुओं पर इसकी संयोजन व्यवस्था की सराहना वर्णनात्मक सौंदर्यात्मक दृष्टिकोण से करें । **6**



15. From an evolutionary point of view, one such artist who brought the divine characters to life is Nandlal Bose. From your course of study, answer the following for his artwork :

(a) Name of the artwork, medium and two human values shown.

(b) How successful has the artist been in the use of colour and space to show the compositional arrangement ? Explain.

(c) Name any four other artists apart from Nandlal Bose that were part of national freedom struggle from your syllabus. **6**

16. Observe the painting and answer the following :

(a) Write the name of artist, painting, a human value and medium.

(b) Write in detail its subject-matter.

(c) Appreciate its compositional arrangement aesthetically in four points. **6**



{ }